kerala
God's Own Country

WEDDINGS
IN KERALA



आपके ड्रीम वेडिंग का मार्गदर्शक

# डिस्टिनेशन वेडिंग

केरल में

गहरे लाल रंग के सूर्यास्त, स्वप्न से समुद्रतट (बीच), हरे रंग के बैकवाटर, धुंध से भरे जंगलों और हरी-भरी पहाड़ियों के साथ गॉड्स ओन कंट्री आपके ड्रीम वेडिंग के लिए एकदम सही जगह प्रदान करता है।



# केरल टूरिज्म

## आपके ड्रीम वेडिंग के स्वर्गीय स्थान में आपका स्वागत है

दुनिया भर में 'गॉड्स ओन कंट्री' के रूप में प्रसिद्ध केरल में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। तकरीबन 600 किमी लंबी तटरेखा के साथ, यदि आप चाहें, तो यहां रेतीले, ताड़ के पेड़ से घिरे समुद्र तटों और मनमोहक सूर्यास्त की कोई कमी नहीं है। यदि यह नहीं चाहिए, तो इस राज्य के बीच से होकर गुजरने वाले बैकवाटर और नहरों के जाल से मंत्रमुग्ध होने के लिए यादगार अंतर्देशीय यात्रा का आनंद उठा सकते हैं। अथवा ऐसा भी हो सकता है कि आपका दिल सबसे मनमोहक हिल स्टेशनों के बीच जंगल की आवाज सुनने के लिए बेसब्र हो, जिस पर आपकी आंखें टिक जाएंगी।

हालांकि इनमें से हर जगह प्रकृति और उसकी गहरी सुंदरता के साथ बसी हुई है, लेकिन ये आसान पहुंच में होने के साथ-साथ दूसरे फ़ायदों के साथ भी आती हैं आता है, जिससे आपकी शादी का लॉजिस्टिक पहलू बेहद आसान बन जाता है। चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों (तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कन्नूर और कोष़िक्कोड) और 80 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों से जुड़े केरल के लगभग हर कोने तक आप आसानी से पहुंच सकते हैं। इसके एकमात्र अपवाद यहां के हिल स्टेशन हैं, हालांकि, वे व्यापक सड़क नेटवर्क के माध्यम से अच्छी तरह से कनेक्टेड हैं। यहां के डेस्टिनेशन कुछ बेहतरीन रिसॉर्ट्स, स्पा और लक्जरी होटलों तक भी पहुंच प्रदान करते हैं, ताकि आपकी शादी न केवल आपके और आपके प्रियजनों के लिए बल्कि आपके हर मेहमान के लिए भी यादगार हो उठे।

चाहे आप अपनी शादी को एक मनभावन, अंतरंग कार्यक्रम या एक शाही, भव्य समारोह बनाना पसंद करते हों, यह भूमि जो असली सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का मेल है, जो एक आदर्श कैनवास बनाती है, जिस पर मानव के सभी बंधनों में से सबसे पवित्र विवाह समारोह को पूरा किया जा सकता है।

# बैकवाटर और द्वीप वेडिंग्स

केरल का प्रसिद्ध बैकवाटर्स- लैगून, झीलों, एस्चुअरीज और नहरों की विशाल भूलभुलैया के साथ एक शांत, रमणीय स्थल है, जो प्रेम और कुदरती सुंदरता का अनोखा मेल प्रदान करता है। हरे रंग के पानी की कोमल लय, मनभावन हवा और आपके चारों ओर रंगों की तरंगें आपकी ड्रीम वेडिंग के लिए बिल्कुल सही पृष्ठभूमि तैयार करती है। बैकवाटर वेडिंग की अंतरंगता और एकांत उतने ही लुभावने होती है, जितना एक दिलकश हाउसबोट पर अपने हनीमून का आनंद लेने का आनंद।

केरल में बैकवाटर वेडिंग्स आपके लिए चयन करने के लिए कई सारे विकल्प लेकर आती हैं। चाहे आप हाउसबोट पर या झील के किनारे या किसी द्वीप पर शादी करना चाहें, इस भूमि का गहन आकर्षण निश्चित रूप से आपको अपनी शादी के यादगार एहसास के साथ-साथ आपके उस ख़ास दिन के लिए दिलकश तस्वीरों का शानदार तोहफा भी देगा।





# वेडिंग (शादी)

केरल में शानदार रिसॉर्ट वेडिंग
एक भव्य उत्सव

# कुमरकम

## बैकवाटर और द्वीप वेडिंग्स

अपने मोहक बायो-नेटवर्क वाली एक मनोरम भूमि, कुमरकम हर मायने में, पृथ्वी का स्वर्ग है। कुमरकम गांव केरल की सबसे बड़ी झील, राजसी वेम्बनाड झील में स्थित छोटे द्वीपों का एक समूह है। कुमरकम के बैकवाटर के सुरम्य दृश्य बेहद लुभावने हैं और निश्चित रूप से आपके दिलों में यादगार यादें बसा लेंगे।

इस भूमि का विलक्षण आकर्षण उन लोगों के लिए बहुत ख़ास है, जो एक बहुत ही निजी, शांत शादी के लिए अंतरंग, रोमांटिक माहौल की तलाश करते हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो। कुमरकम में कई सारे विकल्प उपलब्ध हैं और यहां हनीमून का विचार वाकई रोमांचकारी है। वेम्बनाड झील के सबसे अहम स्थानों में से एक पर स्थित, कुमरकम केरल के विशाल बैकवाटर नेटवर्क के लिए बहतरीन कनेक्टिविटी का पेश करता है, जो आपको और आपके मेहमानों को नौका के माध्यम से आलप्पुषा जैसे कई पर्यटक स्थलों को देखने का अवसर देता है। सच्चाई यह है कि यह मोहक बैकवाटर पर्यटन स्थल नौकायन और मछली पकड़ने जैसी गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, इसका मतलब यह है कि आपके मेहमानों के पास भी उनके जीवन का सबसे शानदार वक्त होगा!

### कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: कोट्टयम, लगभग 13 कि.मी
- नजदीकी हवाई अड्डा: कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोच्चिन इंटरनेशनल एयरपोर्ट), लगभग 94 किमी





# आलप्पुझ़ा

## बैकवाटर और द्वीप वेडिंग्स

एक बैकवाटर सैरगाह जो रोमांस, एकांत और कुदरती भव्यता को एक साथ पेश करता है, यानी आलप्पुझ़ा आपको हर मायने में एक शानदार एहसास प्रदान करता है। 'वेनिस ऑफ़ द ईस्ट (पूर्व का वेनिस)' के रूप में प्रसिद्ध, आलप्पुझ़ा में एक गहरा आकर्षण है, जो वाकई आपके मेहमानों को खूब लुभाएगा, और आपको तो आकर्षित करेगा ही।

अपनी शादी में केरल की परंपराओं की बातों को शामिल कर इस भूमि के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति खुद को समर्पित करें, जैसे कि केरल की प्रसिद्ध भोज जिसे 'सद्या' कहा जाता है या मंत्रमुग्ध कर देने वाला यहां का शास्त्रीय नृत्य। पानी में तैरते मंडप से लेकर जिस पर आप अपनी मन्नतें पूरी कर सकते हैं, बैकवाटर-थीम वाली सजावट और हाउसबोट पर हनीमून तक, आलप्पुझ़ा के बैकवाटर पर शादी करना, निश्चित रूप से न केवल नवविवाहितों के लिए, बल्कि हर मेहमान के लिए भी खास होती है।

### कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: आलप्पुझ़ा
- नजदीकी हवाई अड्डा: कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोच्चिन इंटरनेशनल एयरपोर्ट), आलप्पुझ़ा शहर से लगभग 85 किमी दूर है।





# कोच्चि

## बैकवाटर और द्वीप वेडिंग्स

अरब सागर की रानी, कोच्चि ने विश्व स्तरीय संचार सुविधाओं, कनेक्टिविटी और आधुनिक सुख-सुविधाओं वाले एक मेट्रो शहर होने के लिहाज से सभी आधुनिक प्रगतियों के बावजूद, अपनी परंपरा को हमेशा अपने दिल में बनाए रखा है। जब अपनी शादी के लिए कोच्चि में एक ड्रीम बैकवाटर डेस्टिनेशन चुनने की बात आती है, तो आप दुविधा में पड़ जाते हैं, क्योंकि वाइप्पिन द्वीप समूह, मट्टानचेरी और फोर्ट कोच्चि से लेकर वराप्पुषा, विल्लिंगडण अइलेंड और बोलगट्टी पैलेस तक शहर का हर हिस्सा एक शानदार वेडिंग के लिए एक अनोखा परिवेश बनाता है।

कोच्चि में दर्शनीय स्थलों, दिलकश हरियाली और शांत वातावरण के अलावा, इसकी सबसे बड़ी ख़ासियत निश्चित रूप से यहां की कनेक्टिविटी और आसान पहुंच है, जिसका श्रेय इसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अच्छी तरह से जुड़े ट्रांसपोर्टेशन इंफ़्रास्ट्रक्चर को जाता है। यदि आप अपने बेहद ख़ास दिन पर आधुनिकता और परंपराओं का मेल सजाना चाहते हैं, तो अपनी समृद्ध विरासत और संस्कृति से भरपूर कोच्चि आपके लिए बिल्कुल सही स्थान है।

### कैसे पहुंचें

- नजदीकी रेलवे स्टेशन : एर्नाकुलम
- नजदीकी हवाई अड्डा : कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लगभग 37 कि.मी





# पूवार

## बैकवाटर और द्वीप वेडिंग्स

हरे-भरे मैंग्रोव और नारियल के पेड़ों की अंतहीन कतारों के बीच बैकवाटर सैरगाह का एक हिस्सा पूवार आपको खूब लुभाएगा। कुदरत की असली सुंदरता वाली ऐसी जगह पर आयोजित शादी निश्चित रूप से दिलकश तो होगी ही। प्रेमी जोड़े के लिए, यह उष्णकटिबंधीय स्वर्गिक भूमि आपको हर चीज़ में सर्वोत्तम उपलब्ध कराता है, जिसमें सुनहरे समुद्र तटों और अलौकिक बैकवाटर तक आसान पहुंच शामिल है। अपनी निरभ्र सुंदरता और शांति वाले पूवार उन लोगों के लिए एकदम सही स्थान है, जो एक अंतरंग, रोमांटिक शादी के लिए किसी दूसरी दुनिया में समा जाना चाहते हैं। आपके बजट के हिसाब से लक्जरी रिसॉर्ट्स और बजट रिट्रीट के विस्तृत चयन के साथ, पूवार वाकई आपको और आपके मेहमानों को एक यादगार लमहा देगा। हाउसबोट पर शादी करने के साथ-साथ पूवार की झीलों और नहरों के किनारे एक रोमांटिक क्रूज प्रेम और साथ होने की यात्रा की सही शुरुआत हो सकती है।

### कैसे पहुंचें

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: तिरुवनंतपुरम, लगभग 23 किमी दूर
- नजदीकी हवाई अड्डा: त्रिवेंद्रम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट), लगभग 25 किमी दूर






# कोल्लम

## बैकवाटर और द्वीप वेडिंग्स

कोल्लम अष्टमुडी झील के तट पर स्थित एक लुभावना तटीय शहर है। केरल के शानदार बैकवाटर का प्रवेश द्वार मानी जाने वाली अष्टमुडी झील ताड़ पेड़ के कतारों वाले तटों के साथ-साथ आपस में जुड़े हुए लैगून और नहरों का एक विशाल नेटवर्क है। मनमोहक और सुरम्य दृश्यों से भरा यह प्राकृतिक स्थल आपके ड्रीम वेडिंग के लिए एकदम सही माहौल और एहसास तैयार करेगा। शादी करने और पारंपरिक 'केट्टुवल्लम' (वे सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं) पर हनीमून बिताने का ख्याल ही आपके मन में रोमांच पैदा करने के लिए काफी है!

### कैसे पहुंचें

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: कोल्लम जंक्शन रेलवे स्टेशन लगभग 4 किमी दूर है
- नजदीकी हवाई अड्डा: त्रिवेंद्रम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट), लगभग 68 किमी



# बैकवाटर एरिया की खाद्य विशेषताएं

केरल में कोई भी शादी यहां की पारंपरिक दावत - केरला सद्या - के बगैर पूरी नहीं होती। केले के पत्तों पर परोसा जाने वाले इस शाकाहारी भोजन में ब्राउन राइस और सांबार, परिप्पू, अवियल, रसम, तोरन इत्यादि जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ अचार भी शामिल रहते हैं। यूं तो यह पौष्टिक भोजन, अपनी आकर्षक रूपरंग, शानदार स्वाद और सुगंध के साथ, आपको जीवन भर के लिए एक बेहतरीन जायका एहसास प्रदान करता है, बल्कि इसके अलावा और भी कई चीजें हैं, जो आपको खूब लुभाएंगी।

केरल के सुंदर, सुरम्य बैकवाटर पर अपनी शादी का आयोजन करने का सबसे बड़ा फ़ायदा यह है कि यह आपको प्रसिद्ध स्थानीय व्यंजनों जैसे करीमीन पोल्लिच्चतु, फ़िश करी, झींगा, लॉब्स्टर मछली, केकड़े इत्यादि जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ उठाने का मौका देता है। यदि आप या आपके मेहमान सी-फ़ूड के शौकीन हैं, तो समझिए कि यह आपके लिए स्वर्ग ही है! यहां ऐसे स्वादिष्ट स्थानीय पेय पदार्थ भी हैं, जो आपके दिलो-दिमाग को तरोताजा कर डालते हैं, नारियल पानी, मसालेदार संभारम और केरला चाय उन्हीं में शुमार हैं।




# बीच वेडिंग्स

बालों में समुद्री हवा के झौंके, रेशमी रेत पर धंसते पैर और BGM के रूप में नीली लहरों की तरंगों पर साथ अपने जीवन-साथी को मनाने का बेहतर तरीका और क्या हो सकता है?

केरल के चौदह जिलों में से तेरह को समुद्र तट होने का गौरव प्राप्त है और सबसे अच्छी बात यह है कि इस उष्णकटिबंधीय पर्यटन स्थल में हर समुद्र तट एक अलग एहसास देता है। मनभावन रेतीले तटों और आकर्षक चट्टानों से, जो अरब सागर का मनोहारी दृश्य पेश करने वाले समुद्र के किनारे स्थित पुराने किलों और रोमांटिक एहसास देने वाले शांत-एकांत स्थानों तक, ये सभी आपके लिए विशेष रूप से तैयार किया गए स्थान हैं, जिनका आपको इंतजार रहता है!

## खुली धूप में रोमांस





# वेडिंग (शादी)

केरल में शानदार रिसॉर्ट वेडिंग
एक भव्य उत्सव

# कोवलम बीच

तिरुवनंतपुरम की राजधानी से तकरीबन 16 किमी दूर स्थित, कोवलम के उष्णकटिबंधीय समुद्र तट अपनी शेल्टर्ड खोह और ताड़ की कतार वाली खाड़ियों के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां के तीन अर्धचंद्राकार समुद्रतट, लाइटहाउस बीच, हवाह बीच और समुद्रा बीच जो ऊबड़-खाबड़ चट्टानों से पृथक किए प्रतीत होते हैं, निश्चित रूप से आपको अपने ड्रीम वेडिंग के लिए सुरुचिपूर्ण सादगी और उन्मत्त रोमांस का सही मेल प्रदान करते हैं। सूर्यास्त का मनमोहक नज़ारा और मनोरम दृश्य हवा को एक मादक एहसास से भर देते हैं, और इसी कारण तो कोवलम इस राज्य का सबसे ज्यादा मांग वाला वेडिंग डेस्टिनेशन बन गया है।

केरल के सबसे बड़े समुद्र तटों में से एक, कोवलम एक विशाल समुद्र तट और यूटोपियन समुद्र तट स्थल मुहैय्या कराता है। सबसे अच्छी बात यह है कि कोवलम में आप इस बात का ध्यान रख सकते हैं कि अपने मेहमानों को सर्फिंग, कयाकिंग और स्नोर्केलिंग के विकल्पों के साथ-साथ मॉडर्न स्पा में आयुर्वेदिक मसाज के कई सारे विकल्प उपलब्ध करा सकते हैं, जो उनकी उम्मीद से कहीं अधिक होंगे।

कोवलम में अपनी शादी की मेजबानी करने का सबसे बड़ा फायदा यहां तक पहुंचना आसान और काफी सारे विकल्पों का उपलब्ध होना है,जो आपको अपनी पसंद, जरूरतों और बजट के हिसाब से शादी आयोजित करने में सक्षम बनाते हैं। सेमी-प्राइवेट बीच एरिया से लेकर बजट कॉटेज, फ़ाईव स्टार होटल, वेडिंग रिसॉर्ट्स, आयुर्वेदिक हेल्थ रिसॉर्ट्स और कन्वेंशन सेंटर तक, कोवलम में आपकी सारी जरूरतें पूरी हो जाती हैं।

### कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: तिरुवनंतपुरम सेंट्रल, लगभग 16 किमी
- नजदीकी हवाई अड्डा: त्रिवेंद्रम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट), लगभग 10 किमी



# बेकल बीच (बेक्कल बीच)

बेकल (बेक्कल), अपनी अकल्पनीय सुंदरता के साथ, अपने सीने में सदियों से चली आ रही कहानियों और किंवदंतियों को छिपाए हुए है, जिन्हें कौन नहीं सुनना-जानना चाहेगा। केरल के सबसे उत्तरी जिले कासरगोड में स्थित, यह अनोखा छोटा शहर कभी एक प्रमुख सैन्य चौकी हुआ करता था। बेकल किले (बेक्कल फोर्ट) के लिए प्रसिद्ध, जो केरल के सबसे बड़े किलों में से एक है, बेकल बीच और इसका शाही एहसास आपको पुराने दौर में ले जाएगा, जिससे आपके ड्रीम वेडिंग को अनोखा आकर्षण और पुराने दौर की भव्यता का टच मिलेगा।

यह सुनहरा समुद्र तट कर्नाटक के मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केवल 90 मिनट की ड्राइव पर है, जिससे यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए बेहद आसानी से पहुंच में है। कई बीचसाइड रिसॉर्ट्स और विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले आसान पहुंच के साथ, बेकल समुद्र तट में वह सब कुछ है जो आपको एक सुगम बीच वेडिंग अनुभव के लिए चाहिए। समुद्र का रोमांटिक एहसास, निरभ्र तट, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मनभावन सूर्यास्त सभी एक चित्रपट तैयार करते हैं, जो आपकी प्रेम कहानी को आगे बढ़ाने के लिए एकदम सही पृष्ठभूमि बनाता है। मलबार तट का आकर्षण और सुकून के बीच आपकी शादी आपके और आपके मेहमानों के लिए यादगार बन जाती है।

## कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: कांजनगाड़ रेलवे स्टेशन, लगभग 10 किमी | कासरगोड रेलवे स्टेशन, लगभग 15 कि.मी

- नजदीकी हवाई अड्डा: मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कासरगोड शहर से लगभग 50 किमी दूर | कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कासरगोड शहर से लगभग 110 किमी दूर | कालिकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोषिक्कोड इंटरनेशनल एयरपोर्ट), कोषिक्कोड, कासरगोड शहर से लगभग 200 किमी दूर है





# वर्कला बीच

रोमांचक चट्टानें, फ़िरोज़ा पानी और खूबसूरत सुनहरी रेत वर्कला बीच को केरल के सबसे यादगार बीच वेडिंग डेस्टिनेशन में शुमार करते हैं। अपने ड्रीम वेडिंग की पृष्ठभूमि के रूप में भव्य, हरी-भरी चट्टानों का आनंद उठाएं। वैसे तो वर्कला कुदरती सुंदरता से भरा है, पर इसमें पैरासेलिंग समेत कई ऐडवेंचर स्पोर्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला भी उपलब्ध है, जो वाकई आपके मेहमानों को जमकर लुभाएगी। केरल का यह एकमात्र ऐसा समुद्र तट है, जहां चट्टानों पर रोमांटिक सैर करने के लिए उपयुक्त परिवेश है।

जब आयुर्वेदिक रीज्युवेनेशन स्पा की बात आती है, तो अपने प्राकृतिक झरनों और कई सारे विकल्पों के लिए प्रसिद्ध, वर्कला निश्चित रूप से शादी से पहले होने वाली घबराहट को पल में दूर कर देगा, और आपको शादी के बाद सुकून दिलाने में भी मदद करेगा। सच्चाई है कि यह एक सांस्कृतिक और कलात्मक केंद्र है, जिससे आपके लिए आपकी शादी में एक अनूठा, निराला एहसास शामिल करने के लिए कई सारे कलाकारों का प्रदर्शन आयोजित करना आसान हो जाता है।

### कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: वर्कला, लगभग 3 किमी दूर
- नजदीकी हवाई अड्डा: त्रिवेंद्रम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट), लगभग 57 किमी दूर



# मारारी बीच

केरल के समुद्र तट के किनारे आलप्पुषा शहर से बमुश्किल 14 किमी दूर एक शानदार पर्यटन स्थल मारारी बीच स्थित है। इसकी मनभावन सादगी और खूबसूरती निश्चित रूप से आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। लहराते-झूलते नारियल के पेड़, सुकूनदेह समुद्री हवा और शानदार तटीय दृश्य इसे एक रमणीय बीच वेडिंग डेस्टिनेशन बनाते हैं। इस शांत समुद्र तट पर अपनी शादी का आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप कुदरत की खूबसूरती का लुत्फ़ उठाएं।

मारारी बीच पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है, और इससे आपको यह ध्यान रखने में मदद मिल सकती है कि आपकी शादी समारोह में इस धरती की भलाई का भी उतना ही ध्यान रखा जाए। मारारी बीच पर शादी का आयोजन करना एक तनाव-मुक्त, सुकूनदायी कार्यक्रम होने की गारंटी है, जो आपको हर ख़ास लमहे को यादगार बनाने का मौका देगा।

### कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: आलप्पुषा, लगभग 14 कि.मी
- नजदीकी हवाई अड्डा: कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोच्चिन इंटरनेशनल एयरपोर्ट), लगभग 75 किमी



# समुद्र तट पर होने वाली शादी में मुंह में पानी ला देने वाले खाद्य पदार्थ

समुद्र तट पर होने वाली शादियां खुद में स्वप्निल और अविश्वसनीय होती हैं, मगर जो चीज़ इसे बिल्कुल नए स्तर पर ले जाती है वह है आपके लिए उम्दा भोजन के ढेर सारे विकल्प। मसालों की भूमि, केरल में स्वादिष्ट भोजन के लिहाज से बहुत कुछ है, मगर जब समुद्र तटों और तटीय इलाकों के भोजन की बात आती है, तो अपने स्वाद के लिए एक यादगार एहसास देने के लिए तैयार हो जाएं।

वैसे तो आपकी शादी के व्यंजन और पकवान के प्रकार को आपकी निजी प्राथमिकताओं के अनुसार तय किया जा सकता है, पर केरल में समुद्र तट पर होने वाली शादियों में सबसे अच्छे और सबसे अधिक मांग वाले भोजनों में सी-फ़ूड (समुद्री भोजन) मुख्य भोजन है। इसलिए, यदि आप सी-फ़ूड  के शौकीन हैं, तो केरल आपके लिए बिल्कुल सही स्थान है! केरल के समुद्र तट पर होने वाली शादियां न सिर्फ प्यार का जश्न नहीं मनाती हैं, बल्कि वे आपको भोजन की दुनिया की रोमांचक सैर भी कराती है। यहां पेश किया गया हर व्यंजन स्वाद में अनोखा होता है और ख़ास-ख़ास इलाके की स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को थाली में परोसता है। ताज़ा पकड़ी हुई मछलियां, सीधे अरब सागर से आती हैं, जो बेहद स्वादिष्ट होती हैं। मुंह में पानी ला देने वाली फ़िश करी, रसीले झींगे और लॉब्स्टर मछली, केकड़े से बने स्वादिष्ट पकवान जैसा हर सी-फ़ूड व्यंजन बेहतरीन सुगंधित मसालों, नारियल के दूध के साथ बड़े भाव के साथ तैयार किया जाता है, जो आपके लिए उम्दा स्वाद पेश करता है।





# हिल स्टेशन

धुंध भरे जंगलों, हरे-भरे चाय बागानों और झरते झरनों के बीच अपने ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन की तलाश के लिए केरल के पश्चिमी घाट में स्थित एक अनोखी दुनिया से रूबरू होइए। हर दिल में छुपे रोमांस को जगाने के लिए प्रकृति यहां मदमस्त पहाड़ी हवा के साथ साजिश बुनती है। चाहे घने जंगलों के बीच आयोजित शादी हो या किसी चाय बागान में आयोजित शादी समारोह हो, ये पुराने दौर के आकर्षण से भरे होते हैं, अथवा एक सुरम्य झरने की पृष्ठभूमि के साथ आयोजित शादी समारोह हो, ये हिल स्टेशन निश्चित रूप से पूरा जीवन आपको पहाड़ों के याद संजो देंगे। चाहे आप अपने बड़े स्पेशल दिन के लिए मुन्नार या वायनाड का चयन करें, इन स्थानों की शांति और एकांत आपको निश्चित रूप से गहरा एहसास और अंतरंगता प्रदान पेश करेगा।



# मुन्नार

दो दिलों के मेल के लिए उस स्थान से ज्यादा उपयुक्त स्थान कौन सा हो सकता है, जहां समुद्र तल से 1600 मीटर ऊपर तीन पहाड़ी नदियां मिलकर एक हो जाती हैं? तो आइए केरल की टी-कैपिटल मुन्नार में आपका स्वागत है! घने कोहरे और हरी-भरी वादियों के लंबे फ़ैलाव के बीच बसा मुन्नार आपके अंदर के प्रेमी जगाने के लिए काफी है। पहाड़ियों पर स्थित औपनिवेशिक काल के खूबसूरत बंगलों से लेकर लक्जरी रिसॉर्ट्स और खूबसूरत स्थानों पर स्थित मामूली होटलों तक, मुन्नार में हर पसंद और बजट के लिए कुछ न कुछ है।

यह उन जोड़ों के लिए आदर्श स्थान है, जो ज्यादा साहसी हैं और जरा अलग एहसास पाना चाहते हैं, इसलिए मुन्नार में ढेर सारे विकल्प मौजूद हैं। जंगलों में बहते झरनों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभ्यारण्यों की सैर के लिए ट्रैकिंग अभियान, पैराग्लाइडिंग, बैम्बू राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग, माउंटेन क्लाइम्बिंग जैसी बहुत सारी रोमांचक गतिविधियां आजमाई जा सकती हैं। मुन्नार का हर अनुभव आपके दिल में उन यादों को संजोकर रखता है, जिन्हें आप, आपके जीवन-साथी और आपके प्रियजन जीवन भर यादों में सजा कर रखेंगे। यहां के मनभावन नज़ारे और मोहक स्थान सभी बेमिसाल हैं!

## कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: आलुवा लगभग 108 किमी और अंगमाली, लगभग 109 किमी
- नजदीकी हवाई अड्डा: कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोच्चिन इंटरनेशनल एयरपोर्ट), आलुवा-मुन्नार रोड होकर, लगभग 108 किमी



# वायनाड

केरल की एकमात्र ऐसी जगह है, जहां प्रकृति अपनी खूबसूरती में मादकता दिखाने हो उत्सुक रहती है, वह वायनाड है, जो राज्य का सबसे कम आबादी वाले स्थानों में से एक है। हरे-भरे जंगल, भव्य पर्वतों और प्राकृतिक मसालों के बगीचे किसी भी प्रकृति प्रेमी के दिल को गहरे आनंद में भेजने के लिए ख़ास तौर से तैयार किए गए लगते हैं। इन माहौलों में आयोजित शादी निश्चित रूप से दिलकश तो होगी ही, साथ ही अपने पीछे आपके दिलों में सुकूनदेह और खूबसूरत यादें भी छोड़ जाएगी, जो जीवन भर आपके जेहन में यूं ही सजी रहेंगी। मसाले के बागानों, लुभावने बंगलों, पारंपरिक विरासत वाले प्रॉपर्टीज, शानदार रिसॉर्ट्स, बजट होटलों के बीच देहाती फार्महाउस जैसा हर स्थल आपको एक अनोखा एहसास देता है और इसलिए आप भरोसा रख सकते हैं कि आपको एक ऐसा स्थान मिलेगा जो आपकी व्यक्तिगत स्टाइल और विचार का मेल हो। आप प्रकृति और उसकी विराटता में डूबने के लिए जंगल में स्थित जंगल कॉटेज, ट्री हाउस या हनीमून विला में से किसी एक में जाकर अपने हनीमून पर जादूई एहसास पाने का विकल्प भी चुन सकते हैं।

### कैसे पहुंचें:

- नजदीकी रेलवे स्टेशन: कोषिक्कोड रेलवे स्टेशन 62 किमी दूर है
- नजदीकी हवाई अड्डा: कालिकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोषिक्कोड इंटरनेशनल एयरपोर्ट), लगभग 65 किमी| कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लगभग 95 किमी





# हिल स्टेशन वेडिंग पर परोसने के लिए स्वादिष्ट व्यंजन

केरल के हिल स्टेशनों में, उम्दा स्वादों वाले पकवानों को आपका इंतजार है। चाहे वायनाड हो या मुन्नार, हर व्यंजन आपके दिलो-दिमाग पर छा जाएगा। उनमें से प्रत्येक में मसालों और स्वादों का अनोखा तालमेल निश्चित रूप से आपको जायके के एहसास के एक नए इलाके का सैर कराएगा। प्रसिद्ध मलबार बिरयानी, कूवा दलिया और पिडी जैसे आदिवासी व्यंजनों और चाय के साथ परोसे जाने वाले व्यंजनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, स्थानीय भोजन के ढेर सारे विकल्प उपलब्ध हैं। ताज़ा मसाले आपके भोजन में जो स्वाद और भाव पैदा करते हैं उसे समझने के लिए उन्हें आजमाना ही होगा। भले ही आप किसी भी व्यंजन का चयन क्यों न करें, लगभग हर स्थान पर स्पेशलिस्ट शेफ होते हैं जो भोजन से जुड़े आपके हर ख़ास अनुरोध को पूरा करने में सक्षम होते हैं। इसलिए आइए हमारी सलाह मानिए और ऑथेंटिक केरला फ़ूड, ख़ासकर सद्या का लुत्फ़ उठाइए, और यकीन मानिए आपके अंदर का भोजन प्रेमी हमारी शुक्रिया अदा करेगा!





# वेडिंग (शादी)

केरल में शानदार रिसॉर्ट वेडिंग
एक भव्य उत्सव

# बिजनेस एवं कन्वेंशन सेंटर होटल

धरती पर बहुत कम स्थान ऐसे हैं, जहां यह सब कुछ उपलब्ध होते हैं। यानी समुद्र तट, पहाड़, बैकवाटर, शानदार शहर, सुंदर स्थान, प्रकृति की प्रचुरता, संस्कृति और परंपरा की समृद्ध विरासत, भव्यता, और जी हां केरल के पास यह सब मौजूद है।

भले ही आप एक निजी शादी समारोह आयोजित करना चाहते हों या ऐसी शादी चाहते हों, जो सुंदरता और भव्यता से भरपूर हो, राज्य के होटल और कन्वेंशन सेंटर आपको वे सभी आधुनिक सुख-सुविधाएं और स्थान प्रदान करने के लिए सक्षम हैं, जो विविधतापूर्ण हैं और आपकी जरूरतों को पूरा करने के लिए जिन्हें कस्टमाइज किया जा सकता है। आपका दिल स्वादिष्ट व्यंजनों, साज-सज्जा, थीम, परंपराओं और व्यक्तिगत अनुरोधों के संदर्भ में जो कुछ भी चाहता है, सब कुछ आपको मिल जाएगा और स्वाभाविक है आप आनंद से भर उठेंगे। सबसे अच्छे, सबसे खूबसूरत और विशाल बैंक्वेट हॉल, आउटडोर गार्डन और छतों, मनोरम दृश्यों वाले स्थानों और पारंपरिक या अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध हो जाएगी, और ये सभी आपके बेहद ख़ास दिन को आपके जीवन की सबसे यादगार और भावनात्मक रूप से अमिट लमहा बनाने के लिए तैयार बैठे हैं। वैसे तो कोच्चि और तिरुवनंतपुरम शादियों के लिए सबसे अधिक मांग वाले शहर हैं, पर केरल का हर जिला आपको एक अलग एहसास देता है।



# जादूई फुहार के बीच ड्रीम वेडिंग

अपनी आंखें बंद कर लें। कल्पना कीजिए कि आप मखमली, हरी-भरी हरियाली के शांत विस्तार में खड़े हैं, जो चारों तरफ से धान के खेतों से घिरा हुआ है, आपके दिल की धुकधुकी को शांत करने के लिए एक सुकूनदेह हवा है और जब आप गलियारे में चल रहे हैं तो पक्षियों की चहचाहट आपका मन मोह रहा हो! धान के अंतहीन खेतों के बीच एक शादी समारोह का आयोजन सुनने में जितना जादुई लगता है, उतना ही है भी।

घने वन में या सुगंधित मसालों के बगीचों के बीच एक ट्री हाउस के ऊपर अपनी-अपनी भावनाओं का इज़हार करने को लेकर आपका क्या ख्याल है? अथवा, शायद एक हेरिटेज पैलेस हो या आप किसी पारंपरिक नालुकेट्टू घर में हों, जो अपने विशाल कमरों और पुराने दौर की भव्यता से भरा हुआ है? क्या आप किसी ख़ास धर्म से संबंधित सभी रीति-रिवाजों के साथ पारंपरिक तरीके से विवाह करना चाहते हैं? या, शायद आप इस भूमि की सांस्कृतिक विरासत को अपनाना चाहेंगे, और अपनी शादी में कथकली, मोहिनियाट्टम, तिरुवातिरक्कलि जैसे पारंपरिक कला रूपों का प्रदर्शन आयोजित करना चाहेंगे। अपने बेहद ख़ास दिन पर खुद को सजाने के लिए अपने पसंदीद के केरला परिधान पहनकर शादी समारोह में चार चांद लगाएं!

केरल हमेशा से स्वीकृति और सम्मिलन की भूमि रही है। इस राज्य में इतने सारे सांस्कृतिक और धार्मिक प्रभावों का मिश्रण है कि यहां आप अपनी रचनात्मकता को पंख लगा सकते हैं और अपने सपनों की शादी को बेहद आनंददायक बना सकते हैं।

चाहे खेत हों, प्राचीन हवेलियां हों या समुद्र के नीचे की बात हो, केरल में रोमांटिक शादी के ढेर सारे विकल्प मिल जाते हैं। तो फिर किसका इंतज़ार कर रहे हैं आप? अपने सभी हिचकिचाहटों को उड़ जाने दें, अपनी कल्पना को जम कर उड़ान भरने दें! जब तक आप 'गॉड्स ओन कंट्री' में कदम नहीं रखते, तब तक आप कभी नहीं जान पाएंगे कि आपके सपनों में छिपा जादू कितना वास्तविक है!



# शादियां जो अनोखे होती हैं

केरल जैसी जगह, अपने गहरे आकर्षण के साथ, वेडिंग को काफी मज़ेदार बना सकती है, लेकिन क्या होगा यदि हम आपसे कहें कि केरल में शादियां भी संतुष्टि होने का एहसास देती हैं?

एथ्निक साज-सज्जा, फार्म-टु-टेबल की दावतें, कम से कम बर्बादी वाले अनुष्ठान, पर्यावरण-अनुकूल तोहफे, सामुदायिक लगाव जैसी चीजें ऐसी बातों की सूची है, जिन्हें आप अपनी शादी को वास्तव में यादगार बनाने के लिए चुन सकते हैं। कुमरकम और वैक्कम जैसे रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आरटी) गांव आदर्श स्थान हैं जहां आप ऐसी शादियों का आयोजन कर सकते हैं जो आपको और आपके मेहमानों को भी स्थानीय कारीगरों द्वारा बने सर्वोत्तम हस्तशिल्प प्रदान करते हैं, और गांव के ढेर सारे ऐसे अनुभव प्रदान करते हैं, जो निश्चित रूप से जीवन भर के लिए यादगार बन जाएंगी।

प्राकृतिक खजानों का स्वर्ग, केरल बायोडिग्रेडेबल संसाधनों से परिपूर्ण है जो आपके कार्बन फुटप्रिंट को बढ़ाए बगैर आपकी शादी की सजावट में सुंदरता और भव्यता का एक जीवंत एहसास शामिल कर सकता है। ऐसे ढेर सारे विकल्प मिल जाते हैं, जिनमें स्थानीय रूप से प्राप्त फूल, जैविक कपड़े और स्थानीय कारीगरों की मनमोहक कलाकृतियां शामिल हैं। फार्म-टू-टेबल दावतें आपको स्थानीय रूप से प्राप्त जैविक खाद्य पदार्थों से बने पारंपरिक व्यंजनों के स्वाद लेने का मौका प्रदान करती हैं। केरल की पारंपरिक विवाह भोज, सद्या आमतौर पर केले के पत्तों पर परोसा जाता है। जिस कारण डिस्पोजेबल प्लेट या कटलरी का उपयोग करने की आवश्यकता खत्म हो जाती है। आयोजन स्थलों पर रीसाइक्लिंग और खाद बनाने के प्रतिष्ठान यह सुनिश्चित करते हैं कि यहां शादियां वास्तव में शून्य-कचरे पैदा करने वाली होंगी। इन सस्टेनेबल वेडिंग्स में शादी के उपहार, अक्सर, स्थानीय कारीगरों और कारीगरों द्वारा तैयार किए गए शिल्प होते हैं। इससे न केवल उन्हें वैश्विक पहचान मिलती है जिसके वे हकदार हैं, बल्कि आजीविका और वित्तीय प्रोत्साहन भी मिलता है जो ऐसी दुर्लभ प्रतिभाओं को जीवित रखने में मदद करता है।

केरल में सस्टेनेबल वेडिंग्स विवाह समारोह या इसमें शामिल वर-वधु से कहीं आगे तक जाती हैं। इसमें पूरा समुदाय शामिल होता है। स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और कुशल श्रमिकों को काम पर रखा जाता है, सरप्लस भोजन गैर सरकारी संगठनों को दान कर दिया जाता है, पर्यावरण के प्रति जागरूक वेंडरों का चुनाव किया जाता है और निष्पक्ष ट्रेड को प्रोत्साहित किया जाता है। समुदाय में एक लहर पैदा कर, ऐसी हर शादी स्थानीय लोगों के साथ-साथ पूरे समुदाय के लिए एक वरदान साबित होती है। इसलिए, यदि आप चाहते हैं कि आपके जीवन का सबसे अहम दिन वह दिन हो, जब आप कई जिंदगियों से जुड़ें और सच्चा बदलाव लाएं, तो आपको पता है कि कहां जाना है।



# प्रसिद्ध केरला सद्या

एक मुफ़ीद शाही दावत, केरला सद्या उन सभी चीज़ों का प्रतीक है जिनके लिए केरल जाना जाता है - यानी इसमें आपको विविधता, हार्दिक आतिथ्य और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता दिखाई पड़ती है। एक ऐसा भोजन जो कई स्वादों, रूप, रंगों और सुगंधों से मिलकर बना होता है, यानी सद्या 'गॉड्स ओन कंट्री' की सांस्कृतिक विरासत का एक प्रमाण है।

महज एक भोजन से अधिक, यह स्वादिष्ट और सांस्कृतिक अनुभव आपको एक ही बार में लगभग 28 अलग-अलग व्यंजनों का जाकया पेश करता है। आमतौर पर केले के पत्ते पर परोसी जाने वाली इस शाकाहारी दावत में अवियल, तोरन, एरिशेरी, उप्पेरी, पच्चड़ी, किच्चड़ी, सांबार, परिप्पू, अचार आदि जैसे व्यंजन शामिल होते हैं, जिन्हें एक ख़ास क्रम में परोसा जाता है। इस भोजन को बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली सब्जियों, दालों और मसालों की विस्तृत श्रृंखला यह सुनिश्चित करती है कि यह अच्छी तरह से संतुलित हो और आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हो। घटक सामग्रियों का सावधानीपूर्वक चयन और उनका संयोजन, विशेष रूप से जीरा, अदरक, लहसुन और हल्दी, पाचन में सहायता के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक आरोग्य सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है। लगभग सभी व्यंजनों में अलग-अलग रूपों में नारियल का इस्तेमाल प्रत्येक व्यंजन को अद्वितीय और उत्तम स्वाद प्रदान करता है।

केरला सद्या का मुख्य आकर्षण 'पायसम' है, जो भोजन का मीठा व्यंजन है। पायसम की बनावट लगभग हलवे जैसी होती है और इसे दूध (या नारियल के दूध), गुड़, इलायची और अन्य मसालों से बनाया जाता है और इसे भुने हुए काजू और किशमिश से सजाया जाता है।

जब आप अपना बेहद ख़ास दिन मनाने के लिए केरल जा रहे हों तो सद्या निश्चित रूप से आपकी 'जरूरी' सूची में होना चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा एहसास है जिसे आप चूकना नहीं चाहेंगे। शाब्दिक अर्थ में यह एक दावत है, जो न केवल आपके स्वाद और भूख के लिए, बल्कि आपकी हर एक इंद्रिय के लिए भी संतुष्टिदायक है।



# हनीमून के लिए एक सैरगाह

एक ऐसी भूमि जो हर दिल में छिपे रोमांस को जगाती है, केरल हर मायने में एक आदर्श हनीमून स्थल है, आपको अपने विवाहित जीवन की सही शुरुआत करने का एकदम सही स्थान है।

धुंध भरी पहाड़ियां, हरे-भरे पेड़-पौधे और जंगल, दिलकश समुद्र तटों पर सूर्यास्त की मोहक छटा, मनमोहक नज़ारे, शांत बैकवाटर जो आपके दिल को छू जाते हैं, सुकून भरा आयुर्वेदिक एहसास, रोमांच...यानी जो कुछ भी आपका दिल चाहता है, वह आपको इस दिव्य भूमि में मिल जाएगा।

यह भूमि जो अनुभव प्रदान करती है वह निश्चित रूप से आपकी अंतरंगता को नए स्तरों पर ले जाएगा, क्योंकि यह आपके लिए एक-दूसरे को परखना-समझना सहज बना डालेगा और जाहिर है आप अपने जीवन के प्रेम और साहचर्य की यात्रा पर निकल पड़ेंगे!





kerala
God's Own Country
पर्यटन विभाग, केरल सरकार,
पार्क व्यू, तिरुवनंतपुरम, केरल, भारत - 695 033

संकल्पना एवं दृश्यावलोकन
इनविस प्राइवेट लिमिटेड